दिन– मंगलवार दिनांक– 25 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र में आज भी नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण जारी रहेगा। बिहार के सभी सांसद कल ले चुके हैं शपथ।

02. सीबीआई ने बिहार समेत अन्य राज्यों में नीट यू.जी. में पेपर लीक के पांच मामलों की जांच शुरू की। देशभर से पच्चीस लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी।

03. एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए बिहार पुलिस की व्यापक तैयारी। अबतक छब्बीस हजार पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया। कल बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र में आज भी नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण जारी रहेगा। कल लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले प्रथम सदस्य रहे। अस्थायी अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। बाद में लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में श्री महताब की सहायता के लिए नियुक्त अध्यक्षों के पैनल को शपथ दिलाई गई। भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने चेयरपर्सन पैनल के सदस्य के रूप में शपथ ली। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, किरेन रिजिजू, चिराग पासवान और अन्य ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। बिहार के सभी सांसद कल ही शपथ ले चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल शपथ ग्रहण के दौरान नई लोकसभा में भारत की विविधए बहुभाषी और जातीय परंपराओं का उल्लेखनीय प्रदर्शन देखा गया।

———रिपोर्ट———

18वीं लोकसभा के पहले दिन **आज** संसद में भारत की विविध बहुभाषी और जातीय परंपराएं प्रदर्शित हुईं। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा लोकसभा के कई सदस्यों ने तेलुगु, असमिया, बांगाली, मलयालम, गुजराती, संस्कृत, कन्नड़, उड़िया, मैथली, डोगरी, मराठी और उर्दू सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं में शपथ ली। संसद परिसर में सदस्यों के बीच खुशी और उत्साह के साथ–साथ सत्ता पक्ष और विपक्ष के

बीच सौहार्द्र भी देखा गया। कई नवनिर्वाचित सांसद अपने परिवार के सदस्यों के साथ संसद पहुंचे और तस्वीरें खिंचवाते दिखे। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निचले सदन में दाखिल हुए तो सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत माता की जय और मोदी..मोदी जैसे नारे लगाए। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के सदस्य संविधान की प्रतियां लेकर लोकसभा में घुस आए। **आज** सत्र के पहले दिन सदन में नीट परीक्षा को लेकर कुछ विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी भी देखने को मिली। मानस प्रतिम शर्मा के साथ कुनाल शिंदे आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरूवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र भी उसी दिन से शुरू होगा। संसद सत्र तीन जुलाई को सम्पन्न होगा।

---

केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने बिहार, गुजरात और राजस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. में पेपर लीक के पांच मामलों की जांच शुरू कर दी है। जांच ब्यूरो ने गुजरात और बिहार में नए सिरे से एक–एक मामला दर्ज किया है। वहीं राजस्थान में भी तीन मामले दर्ज किए गए हैं। सी.बी.आई. महाराष्ट्र के लातूर का एक अन्य मामला भी अपने हाथों में ले सकती है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पटना में कथित तौर पर प्रश्न पत्र लीक के मामले में बिहार पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं, चार अन्य मामले परीक्षार्थी की जगह दूसरे व्यक्ति के परीक्षा देने और परीक्षार्थियों, स्थानीय अधिकारियों तथा परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी करने वाले लोगों के कदाचार से संबंधित कथित धांधली से जुडे हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट––

नई दिल्ली से पटना पहुंचने के बाद सी बी आई के विशेष दल ने आर्थिक अपराध इकाई के मुख्यालय का दौरा किया और बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इधर सी बी आई को अनुसंधान और मामलों के पर्यवेक्षण को लेकर गृह विभाग ने राज्य के किसी भी हिस्से में जाकर जांच की अनुमति प्रदान कर दी है। गृह विभाग ने एक गजट अधिसूचना के माध्यम से नेट–यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित गड़बड़ियों की जांच के लिए राज्य के किसी भी हिस्से में जाने की अनुमति दी है। कथित प्रश्नपत्र लीक कांड में आर्थिक अपराध इकाई ने अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें प्रश्नपत्र कांड का मुख्य सरगना परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्य और संदिग्ध परीक्षार्थी भी शामिल हैं। धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

इधर, नीट पेपर लीक मामले में अबतक देशभर में कुल पच्चीस गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। बिहार से तेरह, झारखंड और गुजरात से पांच–पांच तथा महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए बिहार में छब्बीस हजार पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। पीआईबी की ओर से नए आपराधिक कानूनों को लेकर आयोजित मीडिया कार्यशाला में बिहार पुलिस अकादमी के निदेशक बी. श्रीनिवास ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया

कि सब इंस्पेक्टर से लेकर डीएसपी रैंक के अधिकारियों को हाईब्रीड मोड में प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की सुविधा के लिए बिहार पुलिस की ओर से सीसीटीएनएस नामक पोर्टल तैयार किया गया है। इस पर सभी मामलों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। श्री श्रीनिवास ने बताया कि नए आपराधिक कानून में अपराध की जांच, अनुसंधान अधिकारी को जवाबदेही तय करने और गवाहों के बयान को लेकर कई महत्वपूर्ण बदलाव किये गये हैं।

---बाईट---

---

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए गेंहू के भंडारण की सीमा निर्धारित की है। नई दिल्ली में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा प्रबंधन, जमाखोरी तथा सट्टेबाजी को रोकने के लिए भंडारण की सीमा निर्धारित की गयी है। श्री चोपड़ा ने बताया कि व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए यह सीमा तीन हजार टन होगी। खुदरा विक्रेताओं के प्रत्येक प्रतिष्ठान के लिए यह सीमा दस टन और उनके डिपो के लिए तीन हजार टन होगी। गेहूं भंडारण की सीमा अगले वर्ष इकतीस मार्च तक लागू रहेगी।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राज्य के सात विश्वविद्यालयों में नए कुलसचिव की नियुक्ति की है। डॉ. शालिनी को पटना विश्वविद्यालय, प्रोफेसर नागेन्द्र कुमार झा को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और डॉ. विपिन कुमार को मगध विश्वविद्यालय का नया कुलसचिव बनाया गया है। राज्यपाल सचिवालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में आज से शिक्षकों की उपस्थिति ई–शिक्षा कोष मोबाईल एप के माध्यम से दर्ज होने लगी है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के लगभग अठहत्तर हजार विद्यालयों के पांच लाख से अधिक शिक्षकों के लिए नई व्यवस्था प्रभावी हो गयी है।

---

प्रदेश के सरकारी और निजी बीएड कॉलेज में नामांकन के लिए आज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर अशोक मेहता ने बताया कि सैंतीस हजार चार सौ सीटों पर नामांकन के लिए दो लाख आठ हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के लिए ग्यारह शहरों में तीन सौ इकतालीस परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में देर रात हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. सुमन ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश की संभावना बनी हुई है।

———बाईट———

इधर, कल बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। बक्सर में तीन और गया तथा रोहतास में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

---

बिहार विधान परिषद में विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आज से ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। अभ्यर्थी दो जुलाई तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। तीन जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और पांच जुलाई तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकते हैं। बारह जुलाई को मतदान के बाद उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी। गौरतलब है कि यह सीट राजद के रामबली सिंह की सदस्यता समाप्त किये जाने के बाद से रिक्त है।

---

वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रदेश में पहाड़ों को हरा–भरा करने के लिए विभाग द्वारा व्यापक योजना तैयार की गयी है। औरंगाबाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई जिले में सीड बॉल तकनीक के जरिए कार्य किया जाएगा।

———बाईट———

---

बोध गया स्थित बीएएसपी–थ्री ग्राउंड पर आज से अग्निवीर भती रैली शुरू हो गई है। यह रैली उनतीस जून तक चलेगी। सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल राहुल द्विवेद्वी ने बताया कि रैली में अरवल, औरंगाबाद, जमुई और शेखपुरा समेत ग्यारह जिलों के शॉर्टलिस्ट किये गये लगभग साढ़े पांच हजार पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सितम्बर महीने तक अंतिम परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

---

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–एट मुकाबले में भारत ने कल ऑस्ट्रेलिया को चौबीस रनों से पराजित कर सेमीफाईनल में जगह पक्की कर ली है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में पांच विकेट पर दो सौ पांच रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम सात विकेट पर एक सौ इक्यासी रन ही बना सकी।

---

मुजफ्फरपुर के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के वनघारा स्थित इंडियन बैंक की शाखा में लूट–पाट करने पहुंचे अपराधियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में दो अपराधियों को पैर में गोली लगी। दोनों को एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट पेपर लीक जांच मामले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– सीबीआई ने ईओयू से हासिल किये सारे दस्तावेज।

नीट प्रकरण पर ही **प्रभात खबर** लिखता है– संजीव मुखिया को लेकर हो रहे हैं चौकाने वाले खुलासे। एक हजार रूपये के स्टाम्प पेपर पर संजीव देता था परीक्षा पास की गारंटी।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– अठारहवीं लोकसभा के पहले दिन सरकार और विपक्ष में खिंची तलवारें।

**दैनिक भास्कर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– सात साल में अठारह लाख उद्योग बंद, चौवन लाख नौकरियां गयीं।

**राष्ट्रीय सहारा** समेत अन्य समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र में आज भी नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण जारी रहेगा। बिहार के सभी सांसद कल ले चुके हैं शपथ।

02. सीबीआई ने बिहार समेत अन्य राज्यों में नीट यू.जी. में पेपर लीक के पांच मामलों की जांच शुरू की। देशभर से पच्चीस लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी।

03. एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए बिहार पुलिस की व्यापक तैयारी। अबतक छब्बीस हजार पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया। कल बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।